# वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री देवांगन के मुख्य आतिथ्य में पाली महोत्सव का हुआ समापन

**पाली महोत्सव से कोरबा को मिल रही अलग पहचान: कैबिनेट मंत्री लखन लाल**

**रायपुर**

प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में महाशिवरात्रि पर्व पर पाली में आयोजित दो दिवसीय पाली महोत्सव का समापन समारोह आयोजित हुआ। कैबिनेट मंत्री देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पाली महोत्सव कोरबा वासियो के लिए गौरव की बात है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पाली देवाधिदेव भगवान शिव व महिषासुर मर्दिनी की नगरी है। जिसका अपना ऐतिहासिक महत्व है। तीज, त्यौहार, मड़ई, मेला, सुआ, ददरिया ये हमारी संस्कृति की पहचान है, इसकी रक्षा की जिम्मेदारी हम सबकी है।



कैबिनेट मंत्री देवांगन ने कहा कि पाली महोत्सव के दो दिवसीय कार्यक्रम में बॉलीवुड, छालीवुड सहित स्थानीय कलाकारों द्वारा अपनी कला संस्कृति का शानदार प्रस्तुति दी। जिसका हम सभी ने भरपूर आनंद लिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य स्थानीय कला संस्कृति को बढ़ावा देना, स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करना एवं मंच के माध्यम से आमजनों का मनोरंजन करना है। जिला प्रशासन द्वारा महोत्सव का बहुत अच्छा आयोजन किया गया है। आगे भी प्रशासन द्वारा इस प्रकार का आयोजन किया जाता रहेगा। कैबिनेट मंत्री देवांगन ने कहा कि प्रदेश सरकार के गठन के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में प्रदेश का विकास तेजी से किया जा रहा है। अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन लाभान्वित हो रहे हैं। किसानों के परिश्रम को सम्मान देते हुए उनके उपज को 3100 रुपए प्रति क्विंटल एवं 21 क्विन्टल प्रति एकड़ की दर से खरीदी की गई है। इसी प्रकार प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में आगे भी निरंतर कार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पाली में भी क्षेत्रवासियों की मांग को ध्यान में रखकर अनेक विकास कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई है। यहां के प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थल की व्यवस्थित विकास हेतु कार्य योजना तैयार कर डीएमएफ के आने वाली बैठक में अनुमोदन कर कार्य की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार आगे भी विकास कार्य निरंतर जारी रहेगा। देवांगन ने गरिमामय कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

समापन समरोह को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर वसंत ने सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पाली की शिव मंदिर की गरिमा को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। क्षेत्र के विकास के सम्बंध में आने वाली बैठक में चर्चा कर ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का व्यवस्थित ढंग से विकास किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के आपसी समन्वय से विकास कार्यो में तेजी आएगी । आभार प्रदर्शन जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग ने किया।

समारोह को विधायक पाली तानाखार तुलेश्वर मरकाम, विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल,नवनिर्वाचित महापौर कोरबा संजू देवी राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सम्बोधित किया एवं सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का आनंद लेने का आग्रह किया।

इस दौरान जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पाली महोत्सव के अंतर्गत आयोजित विडियोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिसके अंतर्गत प्रथम पुरस्कार पाली के रितिक कुमार पटेल, द्वितीय स्थान आईटीआई रामपुर कोरबा के विवेक कुमार यादव , तृतीय स्थान पाली के किसन कुमार मरकाम ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मंच से अतिथियो द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष पाली अजय जायसवाल, सरपंच गिरजा सत्यनारायण पैकरा, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं भारी संख्या में आमनागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों सहित अधिकारियों ने कलाकारों की प्रस्तुति का आनंद लिया। जिला प्रशासन द्वारा कैबिनेट मंत्री देवांगन, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

बॉलीवुड के मशहूर गायक शान की सुरीली आवाज ने बांधा समा शान की गीतों पर जनकर झूमे दर्शकलोकप्रिय छत्तीसगढ़ी गायक दिलीप षड़ंगी ने दी मनमोहक प्रस्तुति

पाली महोत्सव के समापन अवसर पर बॉलीवुड के मशहूर गायक शान के गीतों ने समा बांधा, उनके गीतों पर दर्शक जमकर झूमे, शान की सुरीली आवाज ने दर्शकों का मन मोह लिया और दर्शक उनके गीतों में खूब नाचे। शान ने मैं हूँ डॉन गाने के साथ मंच पर प्रवेश किया। दर्शकों से रूबरू होते हुए उन्होंने भगवान शिव की वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। लोकप्रिय छत्तीसगढ़ी गीत छूनुर छुनुर पैरी बाजे.. गीत से उन्होंने पाली के लोगों समन्वय बनाया। चार कदम बस चार कदम चल दो ना साथ मेरे, चांद सिफारिश जो करता हमारी,.. हे शोना हे शोना,. दिवानगी दिवानगी,. ओम शांति ओम, दिल ने तुमको चुन लिया है,..तन्हा दिल तन्हा सफर,. जैसे अनेक लोकप्रिय गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। शान के सुरीली आवाज सुनकर दर्शक खुद को झूमने से नही रोक सके और सभी दर्शक झूमने लगे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### 32 संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लिया

**राजनांदगांव-रायपुर (आरएनएस)।** बसंतपुर क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में दो दिन का यह अभियान चलाया गया। पुलिस ने फेरीवालों, अन्य राज्यों और जिलों से आए लोगों की जांच की। किराएदारों और मुसाफिरों की भी चेकिंग की गई। सभी से शहर में घूमने का कारण पूछा गया। पुलिस ने 32 संदिग्ध व्यक्तियों को थाने लाकर उनके फिंगर प्रिंट लिए। साथ ही उनके पहचान संबंधी दस्तावेजों को भी एकत्रित किया। बसंतपुर पुलिस ने मकान मालिकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने किराएदारों की पूरी जानकारी थाने में जमा करें। यह कदम किराएदार के रूप में किसी अपराधी के रहने से रोकने के लिए उठाया गया है। पुलिस ने मकान मालिकों से आग्रह किया है कि वे किराएदार रखने से पहले पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य कराएं। इससे वे किसी भी तरह की परेशानी से बच सकेंगे।

### धारदार चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेंद सिंह के दिशा-निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले तथा नगर पुलिस अधीक्षक केसरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में अपराधों पर नियंत्रण लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मौदहापारा पुलिस ने एक बदमाश को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 28 फरवरी 2025 को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बांबे मार्केट के सुलभ शौचालय के पास धारदार चाकू लहराते हुए आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है। इस सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक यामन देवांगन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद इरफान (पिता- हबीब खान, उम्र- 34 वर्ष), निवासी तालाब पार लल्ला दुकान के पास मौदहापारा रायपुर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक लोहे का धारदार फोल्डिंग चाकू बरामद हुआ, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ आम्र्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# गिरौदपुरी धाम में 4 से 6 मार्च तक होगा गुरूदर्शन मेला

**श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विस्तार, सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

**रायपुर**

गिरौदपुरी धाम में इस वर्ष तीन दिवसीय गुरूदर्शन मेला का आयोजन 4 से 6 मार्च 2025 तक होगा। मेला आयोजन समिति की बैठक धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब की अध्यक्षता में जिला पंचायत बलौदाबाजार के सभागार में संपन्न हुई, जिसमें मेले की तैयारियों और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राजमाता गुरु प्रवीण माता जी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब, राजमहंतगण, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, कलेक्टर दीपक सोनी, एसएसपी विजय अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब ने बैठक में कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के सम्मान में आयोजित गिरौदपुरी मेला सबकी भागीदारी से शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की अप्रिय गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि गिरौदपुरी मेला श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, जहां लाखों लोग आते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा विशाल जैतखाम के निर्माण के साथ अन्य सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। वहीं, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि मेला समिति के सदस्य मेले की अवधि में व्यवस्थाओं की निगरानी करें और मेले के बाद सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

बैठक का संचालन कर रहे कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि इस वर्ष मेले के लिए कसडोल एसडीएम आर.आर. दुबे को मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है। राज्य स्तर से 23 प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की जा रही है। श्रद्धालुओं के पेयजल की व्यवस्था के लिए मेला परिसर में स्थित टंकियों की साफ-सफाई कराकर उसमें जलापूर्ति की जा रही है। मेला स्थल पर जलापूर्ति की व्यवस्था के लिए 30 लाख, 8 लाख और 75 हजार लीटर क्षमता के टंकियां हैं। मंदिर परिसर, महराजी, छाता पहाड़ और पंचकुंडीय स्थानों पर पृथक से पेयजल टंकियों की व्यवस्था की गई है। आवश्यकता अनुसार टैंकरों से भी जल आपूर्ति की जाएगी। गुरु निवास सहित प्रमुख स्थानों पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें तैनात रहेंगी।

सीएचसी कसडोल को 24 घंटे अलर्ट मोड में रखा गया है। पर्याप्त दवाइयां और एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक नगरीय निकाय से दिन में दो बार सफाई कराई जाएगी। मेला स्थल को 5 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। चलित और स्थायी टॉयलेटों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। बिजली आपूर्ति और प्रकाश व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए हैं। वेंडिंग जोन बनाया जा रहा है ताकि व्यवस्थित रूप से दुकानें लग सकें। एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि मेले के दौरान तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी मॉनिटरिंग पुलिस कंट्रोल रूम से होगी।

# गांजा के प्रकरण में दो वर्ष से फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर । आरएनएस**

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. लाल उमेंद सिंह के निर्देश पर विजन-2025 के तहत एक वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों और धारा 173-8 के लंबित प्रकरणों का त्वरित निपटान किया जा रहा है। इस क्रम में समस्त राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों की एक टीम गठित की गई है, जो लंबित प्रकरणों की त्वरित जांच और निपटान पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इसी विशेष दिशा-निर्देश के तहत थाना गंज के अपराध क्रमांक 15/2023 में धारा 20(बी) एनडीपीएस के तहत फरार आरोपी राहुल तिवारी की गिरफ्तारी हेतु टीम को बस्तर भेजा गया। टीम द्वारा दिन-रात मेहनत के बाद आरोपी राहुल तिवारी को पकडऩे में सफलता प्राप्त की। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने अपने दोस्तों शैलेन्द्र पटेल और मुन्नाराम कश्यप को गांजा बेचने के लिए उपलब्ध कराया था। आरोपी आकाश तिवारी उर्फ राहुल तिवारी 25 वर्ष, ग्राम चपका, थाना भानपुरी, जिला उत्तर बस्तर, छत्तीसगढ़ का निवासी है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड प्राप्त किया गया।

# सावधान! नौकरी के बहाने हिंदू लड़कियों से करवाया जा रहा गलत काम, पुलिस ने लिया बड़ा एक्शन

**रायपुर । आरएनएस**

छतीसगढ़ की राजधनी रायपुर में नौकरी का झांसा देकर हिंदू युवतियों के शोषण का मामला सामने आया है। इस संबंध में सिविल लाइन थाना में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।



भाजपा किसान मोर्चा से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता निश्चय बाजपेयी ने इस मामले की शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज करवाई थी। इसके बाद हिंदूवादी संगठनों ने भी रायपुर एसएसपी से मुलाकात कर नौकरी जिहाद को लेकर चिंता जताई थी।

पुलिस जांच में सामने आया है कि जिस व्हाट्सएप नंबर के जरिए नौकरी का झांसा दिया जा रहा था वह उत्तर प्रदेश के समस्तीपुर निवासी एक व्यक्ति के नाम पर दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई अन्य धाराओं में स्नद्ब्रक्र दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल, पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल हैं और कितनी युवतियां इसका शिकार हुई हैं। रायपुर पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता: सुकमा में दो नक्सली ढेर, 60 दिनों में 67 हार्डकोर नक्सलियों का सफाया

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुरक्षाबलों के अदम्य साहस की सराहना की, दी बधाई**

**रायपुर**

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खात्मे की लड़ाई निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। सुरक्षाबलों को एक और बड़ी सफलता मिली है, जहां सुकमा जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर हो गए। वहीं, बस्तर रेंज में बीते 60 दिनों के भीतर 67 हार्डकोर नक्सली मारे गए हैं।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सुरक्षाबलों के अदम्य साहस, निष्ठा और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनी है, नक्सलवाद के खात्मे के लिए चलाए जा रहे अभियान को नई गति और दिशा मिली है। यह लड़ाई अब अपने निर्णायक चरण में है। उल्लेखनीय है कि विगत 13 माह में छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के तहत 300 से अधिक नक्सली मारे गए, 985 से अधिक नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और 1177 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं।

**2026 तक नक्सलवाद का होगा संपूर्ण खात्मा-** मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी का संकल्प है कि 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का संपूर्ण रूप से अंत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और सुरक्षाबलों की संयुक्त रणनीति से नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार किया जा रहा है। यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक नक्सलवाद की समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाती। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार शांति, सुरक्षा और विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रही है, और यह सफलता इसी दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करें – वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी

**वित्त मंत्री ने कल्याण कॉलेज भिलाई के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में छात्रों को किया प्रेरित**

**सांसद विजय बघेल ने पीएचडी उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को प्रदान किए प्रशस्ति पत्र**

**रायपुर**



वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आज भिलाई नगर स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

अपने संबोधन में वित्त मंत्री चौधरी ने बताया कि उन्होंने बीएससी की पढ़ाई इसी कॉलेज से की है। अपने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने कड़ी मेहनत कर आईएएस परीक्षा की तैयारी की। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, सीखने की इच्छा और अनुशासन को अपनाने की सलाह दी।

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि जीवन के विभिन्न पहलुओं में समग्र विकास करना है। उन्होंने बिल गेट्स का उदाहरण देते हुए बताया कि डिग्री से अधिक महत्वपूर्ण ज्ञान, कौशल और नवाचार हैं। उन्होंने छात्रों से अपने भविष्य के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने और व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देने का आग्रह किया।

इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने पीएचडी उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 | E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# सुकली बाई का सपना साकार, टपकती छत से मिला छुटकारा

**रायपुर**

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के मोतिमपुर गांव में रहने वाली सुकली बाई मेरावी की जिंदगी कभी संघर्ष से भरी थी। बैगा जनजाति से ताल्लुक रखने वाली सुकली बाई और उनका परिवार एक कच्चे मकान में गुजर-बसर कर रहा थाकृएक ऐसा घर जिसे घर कहना भी मुश्किल था। बारिश के दिनों में चारों तरफ से पानी टपकता, दीवारों से सीलन टपकती, और ज़मीन पर फैली नमी से उठती दुर्गंध पूरे घर को घेर लेती। रात के अंधेरे में कीड़े-मकोड़ों और सांप-बिच्छुओं का डर बना रहता।

सुकली बाई की सबसे बड़ी चिंता अपने बच्चों के लिए सुरक्षित आशियाना बनाना था। लेकिन सीमित आमदनी और आर्थिक तंगी के कारण यह सपना उनके लिए दूर की कौड़ी बना हुआ था। हर साल बरसात में भीगते हुए वे सिर्फ एक ही बात सोचतींकृष्काश मेरा भी पक्का घर होता! फिर वह दिन आया, जब प्रधानमंत्री आदिवासी महा न्याय अभियान योजना (पीएम जनमन योजना) के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना की सौगात उन्हें मिली। जब ग्रामसभा में उनके नाम से आवास स्वीकृत हुआ, तो उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। उन्हें जैसे उम्मीद की नई रोशनी मिल गई।

सरकार द्वारा पहले 40 हजार रुपये की पहली किश्त उनके खाते में सीधे भेजी गई। यह उनके लिए एक नया सफर थाकृएक पक्के घर की नींव रखने का सफर! जैसे-जैसे घर की दीवारें खड़ी होती गईं, वैसे-वैसे सुकली बाई के सपनों को भी मजबूती मिलती गई। दूसरी किश्त में 60 हजार, तीसरी किश्त में 80 हजार, और आखिर में अंतिम किश्त के 20 हजार रुपये मिलते ही उनका आशियाना तैयार हो गया।

जब सुकली बाई ने पहली बार अपने नए पक्के मकान में कदम रखा, तो उनकी आंखों में आंसू थेकृखुशी और संतोष के। अब न बारिश की चिंता, न ठंड का डर, न ही किसी कीड़े-मकोड़े का खतरा। उनका घर अब सिर्फ चार दीवारों का ढांचा नहीं था, बल्कि सम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन चुका था। उनका सामाजिक दायरा भी बदलने लगा। रिश्तेदार अब खुशी-खुशी उनके घर आते और रात भर ठहरते। जो कभी तिरस्कार करते थे, वे अब उनके आवास की तारीफ करते नहीं थकते। उनके जीवन में सिर्फ एक मकान ही नहीं बना, बल्कि एक नई पहचान मिली।

प्रधानमंत्री जनमन योजना से मिले आवास के साथ-साथ उन्हें मनरेगा के तहत 95 दिनों का रोजगार मिला, जिससे 23,085 रुपये की मजदूरी भी उनके खाते में जमा हुई। स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय निर्माण की सुविधा भी उन्हें मिली। धीरे-धीरे सरकारी योजनाओं का लाभ मिलते गए और उनका जीवन पहले से कहीं अधिक सहज और खुशहाल हो गया। आज सुकली बाई अपने आंगन में बैठकर जब अपने पक्के घर की दीवारों को निहारती हैं, तो उन्हें यकीन नहीं होता कि यह वही घर है जिसकी उन्होंने कभी सिर्फ कल्पना की थी। वे कहती हैं कि प्रधानमंत्री जनमन योजना ने मेरे जीवन की सबसे बड़ी कमी को पूरा कर दिया। अब मेरा भी एक मजबूत, सुरक्षित और सुंदर घर है। इस योजना ने सिर्फ एक मकान नहीं दिया, बल्कि मुझे समाज में सम्मान और आत्मनिर्भरता की नई पहचान दी है।